ये लाल चुनरिया माँ

ये लाल चुनरिया माँ जब ओड के तू आये,
तेरी हीरे की बिंदिया माँ इतना गजब धाये,
डरती हु कही मैया तुझे नजर न लग जाए,
ये लाल चुनरिया माँ

ये लाल लाल तेरा जोड़ा और सतरंगी चुडा माँ,
तेरे हाथ रची है मेहँदी मेहँदी का रंग गुडा माँ,
नो लखा हार मैया तेरा दम दम दमकाए,
डरती हु कही मैया तुझे नजर न लग जाए,
ये लाल चुनरिया माँ

तेरा गोरा गोरा मुखड़ा तेरे मोटे मोटे नैना
तेरा रूप सलोना माँ जैसे हो तपता सोना
कितना भी तुजे देखू पर जी न भर पाए,
डरती हु कही मैया तुझे नजर न लग जाए,
ये लाल चुनरिया माँ

जगजगनी शेरोवाली मेरे दिल का दामन भरदो
नाजुक विश्वाश है मेरा हे मैया पका करदो
तेरी इक नजर किरपा की हम भी हो जाए,
डरती हु कही मैया तुझे नजर न लग जाए,
ये लाल चुनरिया माँ

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18070/title/ya-laal-chunariya-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |